Bareilly, Monday, 7 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
Dev Deepawali
inext

PAGE NO : 06 BOTTOM

बुजुर्गों को भी कोई कहे हाय हैंडसम

एसआरएमएस रिद्धिमा मे थिएटर फेस्ट इंद्रधनुष 2022 का हुआ समापन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (6 Nov): एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित इंद्रधनुष रंग महोत्सव का रविवार को समापन हो गया. अंतिम दिन कोलकता के यूनिवर्सल लिटिल थिएटर की ओर से नाटक हाय हैंडसम का मंचन किया गया. परिस्थियों पर हास्य बिखेरता यह नाटक परिवार और बुजुर्ग लोगों की समस्या उठाते हुए ट्रेजेडी पर समाप्त होता है. नाटक एक मिलिट्री अफसर कर्नल कपूर की फैमिली की कहानी है, जो विधुर है.

उपेक्षा से अकेलापन

इस अवसर पर नाटक के मंचन में दिखाया कि उनका एक सीधा साधा बेटा है, जिसने मॉडलिंग करने वाली एक लड़की मंदा से प्रेम विवाह किया. मंदा अपने कैरियर पर ध्यान देना चाहती है, लेकिन कर्नल कपूर चाहते है कि वो अपना परिवार संभाले. मंदा की मां सीता देवी भी विधवा है. वो भी मंदा की आदतों से परेशान रहती है. कपूर साहब और सीता देवी दोनों की हालत एक जैसी है.च्चच्चों का अपने मां-बाप की ओर ध्यान नहीं देने से दोनों अकेले हो गए हैं. सीता और कपूर में एक दूसरे की तकलीफ देखकर सहानुभूति जन्म लेती है. दोनों एक दूसरे की जरूरत को समझ कर शादी कर लेते हैं. दोनों की शादी कोच्चच्चे स्वीकार नहीं करते. सिर्फ घर का नौकर कमाल इसे सही कदम बताता है. कई उतार चढ़ाव के बाद हैप्पी एंडिंग से नाटक का अंत होता है. नाटक का उद्देश्य घर में इग्नोर होते बुजुर्गों की समस्या को उठाना है.च्चच्चों की व्यस्तता और उपेक्षा से उनका अकेलापन बढ़ जाता है.

कलाकारों ने किया बेहतरीन अभिनय.

ये रहे मौजूद

बिथरी विधायक डा.राघवेंद्र शर्मा, शायर वसीम बरेलवी, अपर आयुक्त अरूण कुमार, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डा. एसबी गुप्ता, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा. रीटा शर्मा, इंदू परडल आदि रहे.